लोगों की शिकायत सुनने में किशनगंज ज़िला अव्वल

चर्चा में क्यों?

हाल ही में बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसायटी ने लोगों की शिकायतों पर हुई कार्यवाही के मामले को लेकर ज़िलों की रैंकिंग जारी की है, जिसमें किशनगंज ज़िले ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

प्रमुख बिंदु

- यह रैंकिंग लोक शिकायत निवारण अधिनियम के तहत राज्य के तमाम ज़िलों की समीक्षा करके जारी की गई है।
- इस रैंकिंग में किशनगंज ज़िला ने 86 फीसदी अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया है।
- कुल 77 अंकों के साथ गया ज़िला दूसरे स्थान पर है, जबकि वैशाली ज़िला 75 अंकों के साथ तृतीय स्थान पर है।
- सुपौल का चौथा स्थान एवं लखीसराय को पाँचवा स्थान प्राप्त हुआ है, वहीं राज्य की राजधानी पटना को 10वीं रैंक प्राप्त हुई है।
- पश्चिमी चंपारण ज़िला इस रैंकिंग में सबसे निम्नतम स्थान (38वीं रैंक) पर है। यहाँ प्राप्त हुई कुल शिकायतों में से 60 प्रतिशत से भी अधिक लंबित हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/kishanganj-district-tops-in-listening-to-people-s-complaints